# केदारनाथ धाम की यात्रा में उमड़ा जनसैलाब सोनप्रयाग से एक साथ जा रहे हजारों यात्री



■ भारी भीड़ के चलते बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की बढ़ीं मुश्किलें
सीतापुर-सोनप्रयाग का वीडियो वायरल प्रशासन पर भीड़ प्रबंधन को लेकर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा में इस समय श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ रहा है। बाबा केदार के दर्शन के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, लेकिन लगातार बढ़ती भीड़ अब व्यवस्थाओं पर भारी पड़ती नजर आ रही है। यात्रा पड़ाव सोनप्रयाग से सामने आए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें हजारों श्रद्धालुओं को एक साथ केदारनाथ धाम की ओर रवाना करते देखा जा सकता है।

वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि भारी संख्या में यात्री बिना चरणबद्ध व्यवस्था के आगे बढ़ रहे हैं। इस भीड़ में छोटे बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और बीमार यात्री भी शामिल हैं। अचानक अत्यधिक संख्या में यात्रियों को आगे भेजे जाने के कारण गौरीकुंड मार्ग पर दबाव बढ़ गया है। स्थिति यह हो रही है कि गौरीकुंड के लिए संचालित शटल वाहनों तक यात्रियों की पहुंच मुश्किल हो रही है और कई श्रद्धालुओं को घंटों जाम व अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है।

यात्रियों का कहना है कि यदि भीड़ को नियंत्रित ढंग से बैचवार भेजा जाए तो अव्यवस्था और धक्का-मुक्की जैसी स्थिति से बचा जा सकता है। खासकर बुजुर्ग और महिला श्रद्धालुओं को लंबी प्रतीक्षा, भीड़ और जाम के कारण भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। कई स्थानों पर यात्रियों को सड़क किनारे घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

सोनप्रयाग व्यापार संघ अध्यक्ष अकित गैरोला का भी मानना है कि यात्रा मार्ग पर भीड़ प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि प्रशासन को सोनप्रयाग, सीतापुर और गौरीकुंड के बीच यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित तरीके से संचालित करना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना या अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न न हो।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने कहा कि केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अब तक 4 लाख 40 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। सोनप्रयाग क्षेत्र में तीर्थ यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पुलिस और प्रशासन द्वारा यात्रियों को लाइन में व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

चारधाम यात्रा के चरम दौर में अब प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना बन गया है। आने वाले दिनों में यात्रियों की संख्या और बढ़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासनिक तैयारियों की अग्निपरीक्षा भी शुरू हो गई है।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने लिया नवजात मृत्यु दर कम करने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय नवजात शिशु विज्ञान मंच (एनएनएफ) की पहल पर श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में रविवार को राष्ट्रीय नवजात शिशु देखभाल दिवस के अवसर पर बुनियादी नवजात शिशु देखभाल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



■ श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में नवजात शिशु देखभाल के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं की मृत्युदर को कम करना तथा जन्म के तुरंत बाद मिलने वाली चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। प्रशिक्षण में बाल रोग विभागाध्यक्ष एवं एनएनएफ के नेशनल ट्रेनर डॉ. सीएम शर्मा ने जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्यकर्मियों को नवजात शिशुओं की प्राथमिक देखभाल, आपातकालीन उपचार, सुरक्षित प्रसव उपरांत प्रबंधन तथा नवजात शिशुओं में आने वाली जटिल परिस्थितियों से निपटने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. शर्मा ने कहा कि नवजात शिशु के जन्म के बाद का पहला मिनट बेहद महत्वपूर्ण होता है। यदि जन्म के तुरंत बाद कोई शिशु सांस नहीं ले पा रहा हो या रो नहीं रहा हो, तो सही समय पर उचित उपचार और देखभाल देकर उसकी जान बचाई जा सकती है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे देश में एक साथ आयोजित किया गया। कहा कि नवजात शिशु के जन्म के बाद शुरुआती कुछ घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवसर पर सीनियर रेजिडेंट डॉ. अजय आनंद गोस्वामी सहित जूनियर रेजिडेंट डॉ. ज्योति, डॉ. सर्वजीत, डॉ. महेश, डॉ. धीरज, डॉ. दीपांशु, डॉ. जाहेद, डॉ. अभिलाषा तथा नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी, विनीता और राकेश मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में गूंजा प्रकृति संरक्षण का संदेश श्रद्धालुओं ने लिया वृक्षारोपण का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भटवाड़ी/उत्तरकाशी।** विकासखंड भटवाड़ी स्थित सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ मां चंदोमति मंदिर मल्ला में ध्याणियों द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धा और आध्यात्म के साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश भी प्रमुख रूप से दिया गया। कथा व्यास पूज्य शिवराम भट्ट ने कथा के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि "जहां भागवत कथा मन को शुद्ध करती है, वहीं प्रकृति संरक्षण जीवन को शुद्ध करता है।" उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और नदियां हमारे प्राण हैं। श्रीकृष्ण द्वारा गौ, यमुना और गोवर्धन की रक्षा का उदाहरण देते हुए उन्होंने प्रकृति प्रेम को भारतीय संस्कृति की मूल भावना बताया। कथा व्यास ने श्रद्धालुओं से कथा श्रवण के साथ एक पौधा लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक का त्याग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो जलवायु परिवर्तन भविष्य के लिए गंभीर संकट बन सकता है। कथा का वास्तविक सार तभी है जब मन की शुद्धि के साथ प्रकृति की भी रक्षा की जाए। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं एवं ध्याणियों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोजेन्द्र रावत, पूर्व ग्राम प्रधान प्रताप रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य सीमा रावत, ग्राम प्रधान मल्ला लक्ष्मण रावत, संतोष कठैथ, दीपक चौहान, मुकेश कठैथ सहित सैकड़ों कथा श्रोताओं ने इस पहल को जनहित एवं प्रकृति संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

# सीतापुर पार्किंग विवाद में बड़ा मोड़, विरोध के बाद बदली व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फाटा/रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग स्थित सीतापुर पार्किंग में कथित अवैध वसूली को लेकर भड़के व्यापारियों के धरना-प्रदर्शन का असर आखिरकार दिखाई देने लगा है। तीव्र विरोध और जनदबाव के बाद पार्किंग संचालक कंपनी बीआईटी सॉल्यूशन ने प्रवेश द्वार पर अनुबंध के अनुरूप नई शुल्क सूची चस्पा कर दी है। अब तीर्थयात्रियों से रात्रि प्रवास के लिए प्रति व्यक्ति केवल 100 रुपए शुल्क लिया जाएगा।

हालांकि, यह मामला अभी शांत होता नजर नहीं आ रहा। दूसरी ओर केदारधाम होटल ऑनर्स एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाते हुए साफ चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक अनुबंध में अंकित 100 रुपए प्रति व्यक्ति वाली शर्त को समाप्त नहीं किया गया, तो पूरी केदार घाटी के व्यापारी एकजुट होकर पार्किंग संचालक के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू करेंगे। व्यापारियों ने यहां तक कहा कि जरूरत पड़ने पर पार्किंग में तालाबंदी भी की जाएगी।

**अब 100 रुपए में रात्रि प्रवास व्यापारी बोले, शर्त नहीं हटी, तो होगा उग्र आंदोलन**

व्यापार संघ का आरोप है कि पार्किंग व्यवस्था की आड़ में स्थानीय होटल और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के हित प्रभावित हो रहे हैं तथा यात्रियों से मनमाने तरीके से वसूली किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। इसी को लेकर पिछले दिनों व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन कर प्रशासन और विभाग पर दबाव बनाया था। वहीं, बीआईटी सॉल्यूशन के प्रबंधक भारत भूषण ने सफाई देते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान दो दिनों तक तीर्थयात्रियों को निशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने कहा कि अब अनुबंध के अनुसार ही शुल्क सूची सार्वजनिक कर दी गई है और कंपनी का उद्देश्य किसी व्यापारी के हितों को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि यात्रियों को बेहतर सुविधा देना है।

उन्होंने स्वीकार किया कि संभवत: कुछ कर्मचारियों द्वारा 250 तक की वसूली की गई होगी, जो न्यायोचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी शिकायतें न आएं, इसके लिए वे स्वयं पूरी व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इधर, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने स्पष्ट किया कि सीतापुर पार्किंग वर्तमान में अनुबंध के अनुसार संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि अवैध वसूली की कोई शिकायत उनके संज्ञान में आती है तो संचालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

श्री चौबे ने यह भी बताया कि स्थानीय व्यापारियों के विरोध के बाद मुख्यालय स्तर पर अनुबंध की शर्तों में संशोधन को लेकर लगातार पत्राचार किया जा रहा है। यदि शासन स्तर से कोई बदलाव होता है, तो नियमानुसार पार्किंग संचालक को आवश्यक राहत या संशोधित दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

सीतापुर पार्किंग को लेकर बढ़ता विवाद अब केवल शुल्क तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह स्थानीय व्यापारियों, प्रशासन और पार्किंग संचालक के बीच टकराव का बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। आने वाले दिनों में इस मामले पर शासन का रुख बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एक नजर .......

### डेढ़ साल के नन्हे बालक के साथ बाबा केदार के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु



**रुद्रप्रयाग।** आस्था, श्रद्धा और विश्वास के आगे हर कठिन राह भी आसान हो जाती है। इसका जीवंत उदाहरण उस समय देखने को मिला जब मध्य प्रदेश के बालाघाट निवासी श्रद्धालु डॉ. अंकित असाटी अपने डेढ़ साल के नन्हे बालक के साथ श्री केदारनाथ धाम पहुंचे और बाबा केदार के दर्शन किए। करीब 16 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा के बावजूद उनके चेहरे पर उत्साह और संतोष साफ झलक रहा था। डॉ. असाटी ने यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग पुलिस एवं मंदिर समिति द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि पूरी यात्रा बेहद सुगम, सुरक्षित और यादगार रही। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, सहायता सेवाएं और श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं ने उनकी यात्रा को काफी सहज बनाया। खासकर छोटे बच्चे के साथ यात्रा करने के बावजूद उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। डॉ. असाटी का सकारात्मक फीडबैक यात्रा व्यवस्थाओं में जुटे प्रशासन, पुलिस और संबंधित विभागों के लिए प्रेरणा का कार्य कर रहा है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। केदारनाथ यात्रा में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और प्रशासन द्वारा यात्रा को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### भारत-चीन सीमा पर बसी रहस्यमयी नेलांग वैली

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के नेलांग वैली का नाम सुनते ही हिमालय की बर्फीली चोटियाँ, गहरी खाइयाँ, प्राचीन व्यापार मार्ग और भारत-चीन सीमा की संवेदनशील चौकियाँ आँखों के सामने उभर आती हैं। लगभग साढ़े ग्यारह हजार फीट की ऊँचाई पर स्थित यह घाटी जितनी खूबसूरत है, उतनी ही रहस्यमयी भी। लंबे समय तक आम पर्यटकों के लिए बंद रही यह घाटी आज साहसिक पर्यटन और सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। नेलांग वैली का भू-दृश्य किसी विदेशी पर्वतीय इलाके जैसा प्रतीत होता है। यहाँ ऊँचे-ऊँचे बंजर पहाड़, गहरी घाटियाँ, तेज बहती जाह्नवी नदी और दूर-दूर तक फैली हिमाच्छादित चोटियाँ मन को रोमांच से भर देती हैं। यह क्षेत्र गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आता है, इसलिए यहाँ जैव विविधता भी समृद्ध है। भाग्य अच्छा हो तो हिम तेंदुआ, भरल, हिमालयी लोमड़ी और दुर्लभ पक्षियों के दर्शन भी हो सकते हैं। यहाँ की जलवायु अत्यंत ठंडी रहती है। सर्दियों में तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे चला जाता है और पूरी घाटी बर्फ की सफेद चादर में ढक जाती है।

### इनिशिएटिव वर्चुअल लैब कार्यशाला का किया आयोजन

**लैंसडाउन।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा छात्रों हेतु भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के इनिशिएटिव वर्चुअल लैब से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्रों को आईआईटी बॉम्बे के वर्चुअल लैब पोर्टल के माध्यम से फिजिकल साइंसेज विषय पर आधारित फंडामेंटल भौतिकी एवं भौतिक विज्ञान विषय से संबंधित विभिन्न प्रैक्टिकल्स के सिम्युलेशंस को प्रदर्शित तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर लवनी आर राजवंशी ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं आईआईटी बॉम्बे की यह पहल निश्चय ही व्यावहारिक प्रायोगिक शिक्षा को अधिक सुलभ, किफायती और इंटरैक्टिव बनाने हेतु अत्यंत उपयोगी है। दूरस्त क्षेत्रों के छात्र इंटरनेट का उपयोग करके घर अथवा कॉलेज से प्रयोगों का अभ्यास कर सकते हैं। महाविद्यालय वर्चुअल लैब नोडल समन्वयक डॉ कमल कुमार ने छात्रों को वर्चुअल लैब पोर्टल पर उपलब्ध सिम्युलेशंस के माध्यम से प्रैक्टिकल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भौतिक विज्ञान विभाग वर्चुअल लैब समन्वयक डॉ देवेंद्र सिंह चौहान द्वारा छात्रों को भौतिक विज्ञान विषय से संबंधित वर्चुअल लैब प्लेटफार्म पर उपलब्ध प्रयोगों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा तत्पश्चात पोर्टल पर पंजीकरण एवं फीडबैक के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विषय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# नेलांग-कैलास मानसरोवर मार्ग को खोलने का प्रस्ताव पारित, राष्ट्रपति को सौंपेंगे ज्ञापन

■ साधु-संतों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों ने दिल्ली से नेलांग तक निकाली यात्राएं, कैलाश मानसरोवर यात्रा सुगम बनाने के लिए भारत-चीन कॉरिडोर निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** पौराणिक नेलांग कैलाश मानसरोवर कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग तेजी से उठने लगी है। संतों ने कहा कि भारत सरकार को चीन से कूटनीतिक वार्ता कर कैलाश मानसरोवर शीघ्र शुरू करनी चाहिए है।

इस कॉरिडोर के बनने से श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित, सुगम और कम समय में पूरी हो सकेगी। हर साल हजारों भारतीय श्रद्धालु कठिन मार्गों से कैलाश मानसरोवर की यात्रा करते हैं। नया कॉरिडोर बनने से उत्तराखंड, हिमाचल और सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। शुक्रवार को दिल्ली से चलकर देश के पांच राज्यों के सैकड़ों शिवभक्त चंबा टिहरी में कैलाश मुक्ति यात्रा 2026 में आए यात्री शनिवार को उत्तरकाशी स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर रुद्राभिषेक और यज्ञ कर कैलाश मुक्ति संकल्प लेने के पश्चात भारत-तिब्बत बॉर्डर पर जाकर मातृभूमि का पूजन कर साधु-संतों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों ने लाल देवता की पूजा अर्चना कर पौराणिक नेलांग-कैलास मानसरोवर मार्ग को खोलने का संकल्प लिया है। इस दौरान प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को ज्ञापन ज्ञापन सौंपेंगे।

रविवार को उत्तरकाशी पहुंचे कैलाश मुक्ति यात्रियों ने बताया कि वे भारत साकार मांग करते है कि हिन्दुओं के देवाधिदेव महादेव भगवान शंकर के निवास कैलाश मानसरोवर तक जाने के लिए, चीन की सरकार से बात कर, कैलाश मानसरोवर कॉरिडोर का जल्द निर्माण करवा जाय।

इस यात्रा में कैलाश मुक्ति यात्रा आयोजन समिति के प्रमोद गोयल, गिरिश साहू अनिल मोंगा, मनोज शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेन्द्र सिंह रावत, नितिन गोयल, शिवशंकर शर्मा, सहयोगी महंत स्वामी निरंजन चौतन्य, राष्ट्र भक्ति आश्रम ट्रस्ट, गुरु माँ साध्वी रेणुका, उत्तरकाशी भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान समेत सैकड़ों साधु संत मौजूद रहे है।

## शेमफोर्ड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मातृ दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल बेलकंडी में रविवार को मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों और माताओं ने गीत, नृत्य, कविता एवं नाटिका की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं माताओं ने ट्यून स्मार्ट, रिदम स्मार्ट, टॉक स्मार्ट, वॉक स्मार्ट और राइट स्मार्ट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स मीना कंडारी ने अपने संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक यात्रा साझा करते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, मेहनत और अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। मौके पर आयोजित प्रतियोगिताओं में दीपिका सुंदरियाल एक्ट स्मार्ट, अनामिका सिंह रिदम स्मार्ट, कल्पना भट्ट ट्यून स्मार्ट, रीना खत्री वॉक स्मार्ट, मीनाक्षी देवली टॉक स्मार्ट तथा प्रीति कुमारी राइट स्मार्ट प्रतियोगिता की विजेता रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या शशिकला नेगी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार, पारिवारिक मूल्यों और आपसी प्रेम की भावना को मजबूत करते हैं।

## जनगणना कार्य में लापरवाही पर प्रगणक को नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** जनगणना-2027 के कार्य में कथित लापरवाही बरतने पर तहसील प्रशासन ने एक प्रगणक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रशासन ने आरोप लगाया है कि संबंधित कार्मिक द्वारा आवंटित क्षेत्र में भवन गणना कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया तथा अधिकारियों और सुपरवाइजर से संपर्क भी नहीं किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लॉक कीर्तिनगर के अंतर्गत इंटर कॉलेजों में तैनात कार्मिकों को जनगणना-2027 के लिए सुपरवाइजर एवं प्रगणक नियुक्त किया गया है। राजकीय इंटर कालेज हिसरियाखाल के एक शिक्षक को प्रगणक के रूप में ग्राम गुजेठा आवंटित किया गया था, लेकिन कोई भी डाटा प्राप्त न होने पर सुपरवाइजर द्वारा इसकी शिकायत तहसील प्रशासन को दी गई। तहसील प्रशासन को भेजे गए पत्र में बताया गया कि संबंधित क्षेत्र से अब तक कोई डाटा प्राप्त नहीं हुआ है तथा कई बार संपर्क करने के बावजूद प्रगणक द्वारा फोन नहीं उठाया जा रहा है। कीर्तिनगर तहसीलदार डा. प्रदीप कंडारी ने बताया कि प्रगणक को सोमवार तक रिपोर्ट जमा करने को कहा गया है। कहा कि यदि प्रगणक से संतोषजनक जवाब न मिलने पर जनगणना अधिनियम 1948 की धारा-11 के अंतर्गत एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# ढिकवालगांव पेयजल पंपिंग योजना में आई तकनीकी दिक्कत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखण्ड खिर्सू के ग्रामीण क्षेत्रों को पेयजल उपलब्ध कराने वाली ढिकवालगांव पेयजल पंपिंग योजना पिछले करीब दो सप्ताह से ठप पड़ी हुई है, जिससे क्षेत्र के 78 से अधिक गांवों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। गर्मी बढ़ने के साथ लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जलापूर्ति बहाल न होने से ग्रामीणों में जल संस्थान श्रीनगर के खिलाफ रोष व्याप्त है। पेयजल योजना बंद होने से बुघाणी, देवलगढ़, जलेथा, बलोड़ी, सरणा, सुमाड़ी, ढिकवालगांव, धरीगांव, खालू,



चमरोड़ा, भेसकोट और उज्ज्वलपुर सहित खिर्सू क्षेत्र के कई गांव प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर नलों से एक बूंद पानी तक नहीं पहुंच रहा, जबकि लोग पूरे दिन पानी आने का इंतजार करने को मजबूर हैं। पूर्व प्रधान बुघाणी प्रमोद उनियाल, देवलगढ़ निवासी दुर्गेश कुमार, ताजबर कुमार तथा सामाजिक कार्यकर्ता गब्बर सिंह भंडारी ने बताया कि विभागीय अधिकारी तकनीकी खराबी का हवाला देकर लगातार मरम्मत कार्य चलने की बात कह रहे हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा, जिससे आम जनता को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि पेयजल संकट का सबसे अधिक असर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों पर पड़ रहा है। लोग दूरस्थ प्राकृतिक स्रोतों और नौलों से पानी ढोने को विवश हैं। वहीं शादी-विवाह का सीजन होने के कारण कई परिवारों को पानी के टैंकर मंगाकर काम चलाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग नियमित रूप से पानी के बिल वसूल रहा है, लेकिन बदले में लोगों को मूलभूत सुविधा तक उपलब्ध नहीं हो पा रही। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो क्षेत्रीय जनता व्यापक जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी। ढिकवालगांव पेयजल पंपिंग योजना में तकनीकी फाल्ट आने के चलते योजना को संचालित करने में दिक्कतें आ रही है। अर्पित मित्तल, सहायक अभियंता, जल संस्थान श्रीनगर गढ़वाल।

# एसपी कमलेश उपाध्याय ने यमुनोत्री मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। बढ़ती श्रद्धालु संख्या और यात्रा के पीक सीजन को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने रविवार को यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसपी ने यात्रा के अंतिम पड़ाव जानकीचट्टी पहुंचकर पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रा संचालन पूरी तरह सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखा जाए। अब तक श्री यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम में लगभग 3.3 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। निरीक्षण के दौरान यात्रा मार्ग पर यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली गई। अधिकारियों को सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने और तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं से संवाद कर यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। यात्रा पीक को देखते हुए सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को "एक्स्ट्रा अलर्ट मोड" में ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। ब्रह्मखाल और शिवगुफा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में कतारबद्ध दर्शन व्यवस्था, सुचारु ट्रैफिक संचालन और पार्किंग व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया गया। सिलक्यारा राड़ी टॉप, ओरछा बैंड और पालीगाड़ से जानकीचट्टी तक संकरे मार्गों पर यातायात दबाव बढ़ने की स्थिति में वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश भी जारी किए गए। दोबाटा यात्री पंजीकरण केंद्र के निरीक्षण के दौरान एसपी ने श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने तथा पंजीकरण एवं मेडिकल प्रक्रिया को कम समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों के साथ सौम्य और सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। जानकीचट्टी में आयोजित बैठक में अधिकारियों को सीसीटीवीकैमरों और ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने और अपराध नियंत्रण को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। वहीं घोड़ा-खच्चर तथा डंडी-कंडी संचालन को रोटेशन प्रणाली के तहत संचालित करने के आदेश भी दिए गए, ताकि यात्रा मार्ग पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक तपेश कुमार सहित पुलिस एवं प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## मार्ग निर्माण को लेकर धरना 234 वें दिन भी जारी

**कोटद्वार।** लालढांग चिल्लरखाल मार्ग से दिन रात आवागमन हेतु एलिवेटेड मार्ग निर्माण आंदोलन के 234 वें दिन आंदोलनकारियों ने बड़े जोर शोर से संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवेंद्र रावत की अगुवाई में धरना प्रदर्शन किया। 86 वर्षीय गायत्री देवी ने कहा कि इस रोड के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहेंगे। अगर ये मौका चूक गए तो न जाने फिर कब ऐसा आंदोलन जन्म लेगा और कब हमारी रोड बनेगी। ेपा अधिकारी ने कहा कि जो पैसे आंदोलन को कमजोर करने के लिए महिला कीर्तन मंडलियों को दिए जा रहे हैं उन्हें कीर्तन मंडलियां दुगुना करके वापिस देंगी लेकिन अपनी रोड के लिए आवाज उठाना बंद नहीं करेंगे।

# वाहन दुर्घटनाग्रस्त में एक महिला की मौत, चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर क्षेत्रांतर्गत देहलचौड़ी के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रहे पांच लोग उस समय हादसे का शिकार हो गए, जब उनकी इको कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के कोट ब्लाक के भेंटा गांव से शादी समारोह से वापस लौट रहें थे। तभी बेलकंडी गांव के पास कार अनियंत्रित होकर लगभग 60 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू



■ बेलकंडी के समीप हुई कार दुर्घटनाग्रस्त, पुलिस जांच में जुटी

अभियान चलाया गया। सभी घायलों को खाई से बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा गया। गंभीर रूप से घायल एक महिला को पुलिस कर्मी ने अपनी गाड़ी से तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जबकि अन्य घायलों को 108 एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि हादसे में अनीता भट्ट (49) पत्नी शशि राम भट्ट निवासी अंसल ग्रीन वैली, राजपुर रोड देहरादून की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। जबकि वाहन चालक रोहित थपलियाल, रश्मि देवी, सुधा देवी और सुमन बिष्ट घायल है। जिनका इलाज बेस चिकित्सालय में चल रहा है। बताया कि प्रारंभिक तौर पर वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# समरफील्ड स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक स्काउट्स एवं गाइड्स शिविर का आयोजन

■ विद्यार्थियों ने दूसरे राज्यों की संस्कृति, भाषा, नृत्य, वेशभूषा को प्रस्तुत किया
■ प्रतियोगिता में कुमाऊं व पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले कैंप रहे प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** समरफील्ड स्कूल द्वारा विद्यालय परिसर में दो दिवसीय वार्षिक स्काउट्स एवं गाइड्स शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हिंदुस्तान स्काउट्स और गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में एकता, साहस, नेतृत्व क्षमता एवं दृढ़ता की भावना का विकास करना था।

शिविर के प्रथम दिवस पर कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने जिपलाइन, रैपलिंग, कमांडो नेट क्लाइम्बिंग, शूटिंग, तीरंदाजी तथा बर्मा ब्रिज निर्माण करने जैसी विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने इन गति. विधियों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास एवं साहस का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी प्रत्येक गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। द्वितीय



दिवस पर कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों को विभिन्न टीमों में विभाजित कर आउटडोर कैंप तैयार करने का कार्य दिया गया। प्रत्येक कैंप ने भारत के एक राज्य का प्रति. निधित्व करते हुए वहाँ की संस्कृति, भाषा, संगीत, नृत्य, वेशभूषा एवं पारंपरिक भोजन को आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में कुमाऊँ एवं पश्चिम बंगाल का प्रति. निधित्व करने वाले कैंपों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

कक्षा 3 से 5 तक के जूनियर विद्यार्थियों ने मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक भावपूर्ण फैंसी ड्रेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए कविताएँ सुनाईं, भावनात्मक विचार साझा किए तथा अपनी माताओं के प्रति आभार प्रकट किया। कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने फल एवं सब्जियों से आकर्षक सलाद, शरबत तथा बिना आग के तैयार किए जाने वाले विभिन्न व्यंजनों को बनाकर एवं सुंदर ढंग से प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता, पाक-कौशल एवं प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को ट्रॉफी, पदक, प्रमाण-पत्र एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक कर्नल एवं वीके दुग्गल, प्रशासक डॉ. अजय वर्मा, प्रधानाचार्या सोनाली वर्मा, स्काउट समन्वयक अल्का ठाकुर, समस्त शिक्षकगण तथा कक्षा 3 से 12 तक के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# नशामुक्त शादी समारोह आयोजित करने पर किया सम्मानित

**नई टिहरी:** प्रतापनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोलाणी निवासी बचन सिह कलूडा द्वारा अपने सुपुत्र प्रवेश व नगर पंचायत लंबगांव नौघर निवासी राजेश रावत द्वारा अपनी सुपुत्री योगिता की मेहंदी व विवाह समारोह को नशामुक्त रूप से आयोजित करने उत्तराखंड देवभूमि नशामुक्त मोर्चा द्वारा उन्हे सम्मानित किया गया। 9 एंव 10 मई को प्रवेश व योगिता की संपन्न हुई। शादी समारोह मे वर पक्ष से बचन सिह कलूडा व कन्या पक्ष से नौघर निवासी राजेश रावत द्वारा अपने पाल्यों की मेहंदी एंव विवाह समारोह मे कॉकटेल पार्टी का आयोजन नहीं किया गया। जिसके लिए उत्तराखंड देवभूमि नशामुक्त मार्चा के संयोजक देवी सिह पंवार द्वारा लंबगांव मे बारात का भव्य स्वागत कर सम्मानित किया गया । दोनों परिवारों की इस पहल को समाज सुधार की दिशा मे एक सराहनीय पहल बताया।



इस अवसर पर मोर्चा के संयोजक देवी सिह पंवार ने कहा कि नगर पंचायत लंबगांव नौघर एंव गोलाणी मे ये पहली शादी है जिन्हे नशामुक्त रूप से आयोजित किया गया।

उन्होने कहा कि वर्तमान समय में शादी समारोहों में शराब का बढ़ता प्रचलन समाज के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है इससे नई पीढ़ी पर गलत प्रभाव पड़ रहा है तथा सामाजिक वातावरण भी दूषित हो रहा है ऐसे समय में दोनों परिवारों द्वारा नशामुक्त विवाह समारोह आयोजित कर समाज को एक सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया गया है। उन्होने कहा कि यदि समाज के अन्य लोग भी इस प्रकार की पहल करें तो आने वाली पीढ़ियों को नशे की प्रवृत्ति से बचाया जा सकता है।

इस अवसर पर वरिष्ट पत्रकार एंव लेखक अभिनव कलूडा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार, पूर्व सैनिक संगठन के अध्य क्ष युद्धवीर राणा, दिनेश कलूडा, संदीप कलूडा, आदि चित्रा रावत, बबीता बिष्ट, उषा पंवार मौजूद थे।

# इतिहास की परतों में नेलांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** आज भले ही यह क्षेत्र वीरान दिखाई देता हो, लेकिन कभी नेलांग भारत और तिब्बत के बीच व्यापार का महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करता था। स्थानीय जाड़ समुदाय के लोग तिब्बत के साथ ऊन, नमक और अन्य वस्तुओं का व्यापार करते थे। 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद यह इलाका पूरी तरह सैन्य नियंत्रण में आ गया और आम नागरिकों की आवाजाही बंद कर दी गई। दशकों तक यह घाटी लगभग दुनिया से कटी रही। बाद में सीमित संख्या में पर्यटकों को अनुमति मिलने लगी, लेकिन आज भी यहाँ प्रवेश के लिए प्रशासन और सेना की अनुमति आवश्यक होती है। नेलांग वैली भारत-चीन सीमा के बेहद निकट स्थित है। यही कारण है कि यहाँ भारतीय सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की सक्रिय मौजूदगी रहती है।

सीमा सुरक्षा के लिहाज से यह इलाका अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। ऊँचाई, कठिन मौसम और दुर्गम रास्तों के बावजूद भारतीय जवान यहाँ दिन-रात तैनात रहते हैं।

यह घाटी सामरिक रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्राचीन व्यापारिक मार्गों और सीमा दर्रों के निकट पड़ती है। हाल के वर्षों में यहाँ सड़क और संचार सुविधाओं का विस्तार भी तेजी से हुआ है।

# समृद्धि लेडीज क्लब ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

■ 'मदर्स डे' थीम रही कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** समृद्धि लेडीज क्लब द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'मदर्स डे' रखी गई, जिसने सभी का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्षा गुप्ता ने की। कार्यक्रम का संचालन सचिव नीति जिंदल एवं कोषाध्यक्ष गिरजा माहेश्वरी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उत्सव में सदस्याओं द्वारा 'मदर्स डे' थीम पर आधारित स्किट प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इसके अलावा रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों और कविता पाठ ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। गीत-संगीत, नृत्य और सामूहिक भोज के आयोजन ने कार्यक्रम को और अधिक यादगार बना दिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष वर्षा गुप्ता ने कहा कि "मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज की सबसे बड़ी शक्ति होती है। 'मदर्स डे' थीम के माध्यम से हमने मातृत्व के सम्मान और उसके महत्व को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।" कार्यक्रम में शोभा अग्रवाल, सलोनी, श्वेता, कावेरी, बबीता, संजीवनी, तान्या, मीनू, सीमा, बाला, सविता, रेखा, आरती, नीलम, पूजा, वर्षा अग्रवाल मौजूद रही।

## एक नजर .......

# संजय तोमर बने महानगर जिला सहयोग प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**विकासनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय तोमर को प्रदेश नेतृत्व द्वारा महानगर जिला सह प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में भारी उत्साह और खुशी का माहौल है। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, समर्पण एवं निरंतर मेहनत को देखते हुए यह दायित्व दिया गया है। संजय तोमर लंबे समय से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने एवं युवा कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

संजय तोमर ने भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर में सह प्रभारी का दायित्व सौंपने हेतु शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि संगठन ने जो विश्वास और जिम्मेदारी दी है, उसे पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं मेहनत के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। संगठन हित एवं युवा कार्यकर्ताओं के साथ सदैव मजबूती से कार्य करता रहूंगा।

# बांध प्रभावितों व विस्थापितों का धरना 13 वें दिन भी जारी

**नई टिहरी:** टिहरी बांध प्रभावितों और विस्थापितों का बौराड़ी स्थित गणेश चौक पर चल रहा क्रमिक अनशन रविवार को 13वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों का टिहरी बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी जिले के विकास कार्यों में खर्च करने, प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराने समेत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी है।आंदोलनकारियों ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वे पिछले दो माह से शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। इसके चलते उन्हें क्रमिक अनशन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा। आंदोलनकारियों ने कहा कि यह उनके अधिकारों और हक की लड़ाई है। लंबे समय से आंदोलन करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए समस्याओं का शीघ्र समाधान निकालने की मांग की। धरना स्थल पर सागर भंडारी, देवांक चमोली, बबली देवी आदि मौजूद रहे।

# तुंगोली में मंदिर का ताला तोड़कर उड़ाई नकदी

**नई टिहरी:** थाना चंबा क्षेत्र में मखलोगी पट्टी के ग्राम तुंगोली में चोरों ने नागराजा मंदिर का ताला और दानपात्र तोडकर लगभग दस हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत और ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बीते शनिवार रात्रि को अज्ञात चोरों ने गांव से कुछ दूरी पर स्थित नागराजा मंदिर का ताला तोड़ा और फिर अंदर रखे दानपात्र को तोड़कर नगदी ले गए। ताला टूटने का खुलासा दोपहर में हुआ, जब गांव के लोग मंदिर की ओर गए। इसके बाद प्रधान देवेंद्र सिंह रावत ने तुरंत दूरभाष से थाना चंबा पुलिस को इस घटना की सूचना दी। जिस पर चंबा थाना प्रभारी राकेश राणा टीम के साथ तुंगोली गांव पहुंचे और ग्रामीणों की उपस्थिति में घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जांच कर खुलासा शीघ्र किया जाएगा। ग्रामीणों ने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# चम्पावत प्रकरण, भाजपा महिला मोर्चा ने किया कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** चम्पावत प्रकरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग में कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और कांग्रेस पर प्रदेश की जनता को भ्रमित करने तथा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, विधायक आशा नौटियाल एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन जमलोकी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

प्रदर्शन के दौरान विधायक आशा नौटियाल ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस



बिना किसी जांच और ठोस तथ्यों के भाजपा कार्यकर्ताओं तथा पार्टी की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक राजनीति करने के बजाय षड्यंत्र और भ्रामक प्रचार का सहारा ले रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

इसके बाद आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा लो. कतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक व्यवस्थाओं और जनता की भावनाओं का सम्मान करती आई है।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कुछ नेता तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अब जनता के बीच जाने के लिए कोई सकारात्मक मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रही है। वहीं भाजपा सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

आशा नौटियाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर जनता के सामने सच्चाई रखेंगे तथा कांग्रेस के भ्रामक प्रचार का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री अरुण चमोली, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सुषमा देवी, जिला उपाध्यक्ष रोशनी रोथान, जिला मंत्री बबीता नेगी, मंजू धीरवान, कंचन देवी, पार्वती गोस्वामी, शालिनी गोस्वामी, अनीता चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# शांति भंग करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** आपरेशन प्रहार के तहत थाना सेलाकुई पुलिस ने 'सार्वजनिक स्थान पर शान्ति भंग करने वाले 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। हुडदंग में इस्तेमाल बिना नंबर स्विफ्ट कार को किया सीज।

पूरे जनपद में सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध 'ऑपरेशन प्रहार' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सेलाकुई को सूचना मिली की डीबीएस कॉलेज के पास सफेद रंग की स्विफ्ट कार में दो लड़के बैठे है जिनके पास जनता के लोग इकट्ठा थे दोनों लड़के जनता के लोगों के साथ अभद्र व्यवहार तथा लड़ाई झगड़े पर उतारू होकर गाड़ी को आगे पीछे कर रहे थे। मौके पर दोनों लड़कों को समझाया गया किंतु उक्त दोनो लडके उत्तेजित होकर लोगों के साथ आमदा फिसाद होकर मारपीट पर उतारू रहे। तत्पश्चात मौके पर वाहन के कागजात न दिखाने पाने पर कार को मोटर वाहन अधिनियम में सीज कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा दोनों व्यक्तियों शिवम पुत्र अशोक निवासी डीबीएस कालेज के पास सेलाकुई और तंजीम पुत्र निसार अहमद निवासी बड़ा रामपुर सहसपुर को अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई शशि राणा, सिपाही संदीप कुमार, इरशाद, सहसपाल शामिल रहे।

# ओरिएंटेशन एवं मातृ दिवस समारोह का भव्य आयोजन

■ 'तेरी ऊंगली पकड़ के चला मां' गीत पर बच्चों ने भावपूर्ण नृत्य पेश किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर में ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं मातृ दिवस समारोह का बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रेखा शर्मा (जीवनगढ़ प्रधान) एवं विद्यालय अध्यक्षा इंदि. रा रानी, विद्यालय प्रबंधक रशिता सपरा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, प्रधानाचार्या गीता नेगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों का परिचय कराया गया तथा शिक्षकों द्वारा रेट्रो गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या गीता नेगी ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कारों का महत्व बताया। यू.के.जी. के नन्हे



विद्यार्थियों ने "तेरी उंगली पकड़ के चला माँ" गीत पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 6 की छात्राओं ने "माँ देखी है जबसे दुनिया" गीत पर सुंदर प्रस्तुति देकर सभी को भावुक कर दिया। एल.के. जी. के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ "आशियाना" गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों के लिए विभिन्न मनो. रंजक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिनमें "हैप्पी मदर्स डे लिखो", "ब्लाइंड फोल्ड गेम" तथा "बर्स्ट द बैलून" विशेष आकर्षण रहे। ताली योगा गतिविधि ने भी सभी को ऊर्जा एवं आनंद से भर दिया।

चेयरपर्सन मैम इंदिरा रानी सपरा ने अपने आशीर्वचन से सभी को प्रेरित किया तथा निर्देशिका सुश्री रश्मि गोयल ने अपने संबोधन में विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं। अंत में नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों को उपहार वितरित किए गए।

कार्यक्रम में चेयरपर्सन इंदिरा रानी सपरा, निर्देशिका रश्मि गोयल, पूजा बिष्ट, मिस सोनालिका, ममता शर्मा, शीतल जोशी, ज्योत्सना, मिस पारुल, शिवानी चौहान, मिस गरिमा, कृष शर्मा, मोनिका वर्मा, मिस निशा फातिमा, ज्योति नया, मिस रविना थापा, कमल क्षेत्री, मो. निका शर्मा, सिम्पी, वैशाली आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# चालदा महाराज प्रवास यात्रा का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** 'चालदा महाराज प्रवास यात्रा-खत कोरु' पुस्तक का लोकार्पण कचटा स्थित मंदिर परिसर में मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया। यह पुस्तक वरिष्ठ पत्रकार भारत चौहान और वीर शहीद केसरी चंद महाविद्यालय डाकपत्थर में राजनीतिक विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉक्क्ष् राजकुमारी चौहान द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई है। पुस्तक में चालदा महाराज के देव प्रवास यात्रा एवं खत कोरू से संबंधित अनेक शोध पूर्ण जानकारी का समावेश किया है।

पुस्तक में खत कोरू के प्रत्येक गांव का संक्षिप्त परिचय दिया गया है, इसके अलावा देवता से संबंधित अनेक रोचक जानकारियां शामिल हैं। खत कोरू के चौन्तरु के बारे में भी पुस्तक में विशिष्ट उल्लेख किया गया है। लेखकों द्वारा चालदा महाराज प्रवास के 111 वर्षों का विस्तृत वर्णन किया गया है। इस पुस्तक में प्रारंभ से लेकर वर्तमान तक मंदिरों की श्रंखला व खत कोरु के स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों आदि के बारे में भी लिखा गया है।

पुस्तक लोकार्पण के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशरण नौटियाल, वजीर बलदेव सिंह तोमर, मंदिर समिति के अध्यक्ष सीताराम चौहान, ब्लॉक प्रमुख सावित्री चौहान, ज्येष्ठ प्रमुख मीरा राठौर, गंभीर सिंह, नगऊ के स्याणा शूरवीर सिंह, बहलाड़ के अध्यक्ष बलवीर चौहान, कालसी के पूर्व उप प्रमुख स्वराज सिंह, नरेश चौहान, लेखक भारत चौहान, अमर सिंह, मदन सिंह, खजान सिंह, फकीरा चौहान, केशर सिंह, केशर नेगी, कान्ति राणा, महेंद्र राठौर आदि उपस्थित रहे।

# टिहरी की भौगोलिक परिस्थिति हमे सिखाती है संघर्ष और सहयोग की भावना: न्यायमूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नई टिहरी के नगरपालिका हॉल में आयोजित बहउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत करते न्यायमूर्ति एवं कार्यपालक अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य न्याय को समाज के अंतिम व जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना है। न्यायमूर्ति ने कहा कि टिहरी की भौगोलिक परिस्थितियां हमें संघर्ष और सहयोग की भावना सिखाती हैं, जिससे समाज को न्यायपूर्ण दिशा मिलती है। कहा कि विधिक सेवा केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं है बल्कि पारिवारकि विवाद, घरेलू हिंसा, पारिश्रमिक विवाद सहित अन्य मामलों में लोगों कों विधिक परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने आम जन से अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

उन्होंने उपस्थित लोगों से शि. विर में लगे स्टॉल का लाभ उठाने तथा प्राप्त जानकारी को समाज में साझा करने का आग्रह किया। विशिष्टि अतिथि न्यायमूर्ति आलोक माहरा ने अपने संबोधन में कहा कि विधिक साक्षरता शिविर प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का एक प्रभावी एवं नि:शुल्क माध्यम है।



इससे आमजन अपने मौलिक एवं वैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक होते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति बिना किसी संक. ोच के आगे आएं और विधिक सहायता प्राप्त करें। जिला जज नितिन शर्मा ने कहा कि पूर्व में यह क्षेत्र विधिक सेवाओं से अपेक्षाकृत वंचित रहा है, इसलिए इस कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दयाराम ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 39(क) के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य कारणों से न्याय से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि भौगोलिक परिस्थितियों के कारण कई बार लोग न्यायालय तक नहीं पहुंच पाते, इसलिए ऐसे शिविरों के माध्यम से न्याय को जनसामान्य तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तराखंड में लगभग 16 हजार 'अधिकार मित्र' की टीम एवं हर जिले में पैनल अधिवक्ताओं की टीम कार्यरत है।

जनपद में 2780 गांवों को 'मुकदमा मुक्त' बनाया गया हैं। शि. विर में राजस्व, कृषि, श्रम, उद्यान, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, समाज कल्याण, सैनिक कल्याण सहित विभिन्न विभागों द्वारा जनस. ेवा शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनता का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

चंद्रबदनी, घंटाकरण, भुवनेश्वरी, नवदुर्गा एवं सिमरन स्वयं सहायता समूहों को 3 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस मौके प्रभारी जिलाधिकारी वरूणा अग्रवाल, एसएसपी श्वेता चौबे, नगरपालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जयवीर रावत, अधिवक्ता शांति प्रसाद भट्ट राजपाल मियां, आनंद बेलवाल, जयप्रकाश पांडेय, पराग जैन, ज्योति प्रसाद भट्ट आदि मौजूद रहे।

# कुंभ मेला एसएसपी ने दिए सुदृढ़ यातायात कार्ययोजना बनाने के निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कुंभ मेला एसएसपी आयुष अग्रवाल ने अधिकारियों से कुंभ मेले के दौरान यातायात प्रबंधन तथा वाहन पार्किंग के सबंध में विस्तार से जानकारी ली और स्थानीय लोगों से प्राप्त सुझाव को शामिल कर सुदृढ़ यातायात कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही शंकराचार्य चौक तथा बाल्मीकि चौक का निरीक्षण कर अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के मार्ग पर आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए भी निर्देश दिए। इस दौरान एसपी यातायात एवं क्राईम निशा यादव, सीओ यातायात बिपेंद्र सिंह, यातायात निरीक्षक हितेश कुमार मौजूद रहे।

# पिल्ला गैंग पर पुलिस ने कसा शिकंजा, तीन मास्टरमाइंड गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कनखल कोतवाली पुलिस ने पिल्ला गैंग पर शिकंजा कसते हुए गैग के 3 मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कनखल निवासी प्रणव शर्मा ने 4 मई को आरोपियों के खिलाफ जगजीतपुर स्थित रॉयल हट में मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद तलाश में जुटी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर रविवार को कुशलपाल पुत्र अनिल कुमार सैनी निवासी बजरीवाला बैरागी कैंप कनखल, आकाश कुमार पुत्र बिरेन्द्र कुमार निवासी तुकमापुर नगीना जिला बिजनौर उ.प्र. व हिमांशु उर्फ जौनी पुत्र पतराम सैनी निवासी राजा का राजपूत नूरपुर जिला बिजनौर यूपी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी गैंग को नशा, पैसा व हथियारों का सपोर्ट कर वारदातों को अंजाम दिलवाते थे।

पिल्ला गैंग पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। भूपतवाला से लेकर ज्वालापुर, कनखल, पथरी, लक्सर तक फैले गैंग के जाल को पुलिस ध्वस्त करने में जुटी गयी है। अब तक गैंग के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों द्वारा बताए गए गैंग के अन्य सदस्यों को भी चिन्हित किया जा रहा है। गिरफ्तारी के साथ पुलिस आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्यवाही करने की तैयारी भी कर रही है। पुलिस टीम में एसएचओ देवेन्द्र सिंह रावत, एसएसआई अनुज सिंह रावत, एसआई सुधांशु कौशिक, एसआई धनराम शर्मा, अपर उपनिरीक्षक ललित मोहन, हे.कां. जितेन्द्र शाह, कां. सतेन्द्र रावत, उमेद सिंह, रघुवीर रावत शामिल रहे।

# शहर में बढ़ रहा है आवारा कुत्तों का आतंक

## हीरा कॉम्पलेक्स में दस वर्षीय बच्चे पर आवारा कुत्तों ने किया हमला

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। सड़कों पर घूम रहे आवारा कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे है। रविवार को चंद्राचार्य चौक क्षेत्र स्थित हीरा कॉम्पलेक्स में भाई के साथ खरीदारी करने आए 10 वर्षीय बालक पर आवारा कुत्तों ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। संजय नगर टिबड़ी निवासी लवकेश अपने भाई के साथ कॉम्पलेक्स में खरीददारी करने आया था। अचानक दो आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया और काटकर बुरी तरह घायल कर दिया। बच्चे के चिल्लाने पर आसपास के व्यापारियों ने बच्चे को कुत्तों छुड़ाया। लेकिन तब तक कुत्तों ने उसे बुरी तरह काट लिया। घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। स्थानीय व्यापारियों सचिन गुप्ता, आर्यन, कन्हैया आदि का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दुकानों पर खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों को भी कुत्ते निशाना बना रहे हैं। व्यापारियों ने नगर निगम से आवारा कुत्तों की समस्या पर गंभीरता से ध्यान देने की मांग की है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन

## चंपावत घटना के नाम पर झूठी राजनीति करने का आरोप लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस पर चंपावत घटना के नाम पर झूठी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने चंद्राचार्य चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा नेत्री अनु कक्कड़ ने कहा कि महिलाओं पर राजनीति करना बंद करें। झूठी घटना पर कांग्रेस पार्टी द्वारा बच्ची को बदनाम किया गया है। घटना मात्र आपसी रंजिश का नतीजा थी। लेकिन कांग्रेस पार्टी भाजपा की छवि को खराब करना चाहती है। सुनियोजित तरीके से पार्टी को बदनाम किया गया है। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। प्रदेश उपाध्यक्ष रीता चमोली एवं जिलाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने कहा कि महिलाओं का सम्मान नहीं किया जा रहा है। झूठी घटना पर कांग्रेस पार्टी द्वारा राजनीतिक रोटियां सेकने का काम किया गया। राज्य की महिलाएं कांग्रेस पार्टी के चेहरे को पहचान चुकी हैं। महिलाओं का सम्मान होना चाहिए। लेकिन कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को राजनीतिक बनाकर पेश कर रही थी। संजीव चौधरी एवं आशु चौधरी ने कहा कि भारत में महिलाओं को देवी का रूप माना जाता है। लेकिन कांग्रेस पार्टी मनगढ़ंतः आरोप लगाकर भाजपा को बदनाम करने में लगी हुई थी। लेकिन पूरी घटना झूठी साबित हुई और कांग्रेस पार्टी से नकाब हट गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं पर राजनीति करना बंद करें। प्रदर्शन करने वालों में रीता चमोली प्रदेश उपाध्यक्ष, अनु कक्कड़, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, आशु चौधरी, जिला महामंत्री हीरा बिष्ट, संजीव चौधरी, शिप्रा शर्मा, रंजना चतुर्वेदी, संगीता प्रजापति, शर्मिला, रंजीता चौहान, चंचल आदि शामिल रहे।



# राष्ट्रीय कवि संगम की मासिक गोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय कवि संगम की मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में युवा कवियों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं विभिन्न काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार रमेश रमन ने कहा कि कविता समाज को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम है तथा युवा पीढ़ी का साहित्य के प्रति बढ़ता रुझान अत्यंत सुखद संकेत है। उन्होंने सभी कवियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए साहित्यिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। राकेश चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम निरंतर साहित्य और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। मासिक गोष्ठियों के माध्यम से नए और युवा कवियों को मंच प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिव्यांश दुष्यंत, प्रभात रंजन, गोष्ठी प्रमुख अपराजिता उन्मुक्त, अवनीत आजाद, कविता जैन, आशा साहनी, प्रेम शंकर, रविना राज, सुशील त्यागी, कर्मवीर सिंह, भूदत्त शर्मा, कुसुमाकर पंत सहित अनेक साहित्यकार एवं कवि उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबर

### मोबाइल चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों ने पकड़ा

**हरिद्वार।** हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक को घर में घुसकर मोबाइल चोरी करना भारी पड़ गया। परिवार और स्थानीय लोगों ने पीछा कर उसे दबोच लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ने के दौरान युवक गिरकर घायल हो गया। आरोप है कि उसने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बाल्मीकि बस्ती निवासी सन्नी ने शिकायत देकर बताया कि रविवार सुबह करीब छह बजे राहुल नाम का युवक उसके घर में घुस आया और मोबाइल फोन चोरी कर फरार होने लगा। शोर मचाने पर सन्नी ने अपने साथियों निखिल और साहिल के साथ मिलकर आरोपी का पीछा किया। कुछ दूरी पर युवक को चोरी किए गए मोबाइल सहित पकड़ लिया गया। बताया गया कि भागने की कोशिश में आरोपी गिर पड़ा, जिससे उसे चोट लग गई। आरोप है कि पकड़े जाने के बाद भी वह लगातार गाली-गलौच करता रहा और लोगों को धमकाने लगा। इसके बाद लोगों ने उसे पकड़कर सीधे कनखल कोतवाली पहुंचा दिया। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया।

### घरेलू विवाद में दामाद ने ससुर पर चाकू से किया हमला

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र के अहबाबनगर में घरेलू विवाद के दौरान दामाद ने अपने ससुर पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने आरोपी और उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अहबाबनगर निवासी नसीम ने शिकायत में बताया कि शुक्रवार को उसका दामाद सावेज किसी बात को लेकर उससे भिड़ गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान सावेज ने चाकू निकालकर उसके पेट पर वार कर दिया। नसीम ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान आरोपी का बड़ा भाई जहीर भी मौके पर मौजूद था, जिसने धमकी दी कि अगर वह बच भी गया तो बाद में उसे और उसकी बेटी को खत्म कर दिया जाएगा। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### भेल स्टेडियम से लौट रहे युवकों के साथ मारपीट

**हरिद्वार।** बीएचईएल स्टेडियम से घर लौट रहे तीन युवकों के साथ रास्ते में मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने पहले गाली-गलौच की और विरोध करने पर हमला कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिराहेडियान निवासी विवेक शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह अपने रिश्तेदार आयुष और ईशान के साथ अलग-अलग बाइक से घर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े दस बजे रास्ते में कुछ युवक उनकी बाइक के बेहद करीब से गुजरते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगे। विवेक के मुताबिक जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी भड़क गए और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनकी कमीज भी फाड़ दी गई। आरोप है कि एक युवक यूपी नंबर की बाइक पर सवार था और उसने जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर अन्य लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। रानीपुर कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ड्रीम सिटी प्रोजेक्ट में धोखाधड़ी का अरोप, केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चर्चित ड्रीम सिटी प्रोजेक्ट एक बार फिर विवादों में आ गया है। मृत बिल्डर और अधिवक्ता सुरेंद्र पाल सिंह विर्क की पत्नी ने उनके साझेदार और उसके बेटे पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की एफडी हड़पने का आरोप लगाया है। एसएसपी के निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुभाष नगर निवासी रिचपाल कौर विर्क ने शिकायत में बताया कि उनके पति सुरेंद्र पाल सिंह विर्क और रवि चौहान साझेदारी में प्रॉपर्टी और बिल्डिंग का कारोबार करते थे। वर्ष 2013-14 में दोनों ने रानीपुर और ज्वालापुर क्षेत्र में जमीन खरीदकर ड्रीम सिटी कॉलोनी विकसित की थी। कॉलोनी का ले-आउट एचआरडीए से स्वीकृत कराया गया था और सुरक्षा के तौर पर 23 लाख 17 हजार रुपये की एफडी जमा की गई थी।

रिचपाल कौर का कहना है कि वर्ष 2015 में उनके पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। आरोप है कि इसके बाद साझेदार रवि चौहान ने फर्जी शपथ पत्र तैयार कराया और उस पर उनके फर्जी हस्ताक्षर कराकर एचआरडीए में जमा कर दिया। इसी आधार पर 13 लाख 17 हजार रुपये की एफडी अपने पक्ष में रिलीज करा ली। महिला ने आरोप लगाया कि हाल ही में जब वह प्राधिकरण में जानकारी लेने पहुंचीं तब उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई। उनका कहना है कि पति की मौत के बाद उनकी मानसिक स्थिति का फायदा उठाकर कई अन्य संपत्तियों पर भी कब्जा कर लिया गया। आरोप है कि बीते दिनों जब वह इस मामले में बात करने रवि चौहान के पास पहुंचीं तो उसने और उसके बेटे ऋषभ चौहान ने उन्हें धमकाते हुए विरोध न करने की चेतावनी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कालोनीवासियों ने की सीवर लाइन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जमालपुर कालोनी क्षेत्र की कई कालोनी के लोगों ने जमालपुर कलां तिराहे पर प्रदर्शन कर सीवर लाईन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। मानव कल्याण सेवा समिति के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि लक्की विहार, रामविहार, बसंत विहार, कस्तूरी एनक्लेव, दुर्गा विहार, कुसुम एंक्लेव सहित कई कालोनियों मे सीवर लाईन की सुविधा नहीं है। मानव कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष राजवीर सिंह एवं सचिव प्रकाश जोशी ने कहा कि सीवर लाईन की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में कई बार संबधित विभागों से कई बार पत्राचार किया गया है। जगजीतपुर मुख्य मार्ग और फुटबॉल ग्राउंड मार्ग पर बिछाई जा रही सीवर लाइन से अन्य कालोनियों को भी जोड़ा जाना चाहिए। जिससे लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि गंदा पानी खाली प्लाटों में भरा रहता है। जिसकी निकासी नहीं होने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। सीवर लाईन की सुविधा मिलने से खाली प्लाटों में गंदा पानी भरने की समस्या से भी राहत मिलेगी। गोविंद सिंह राणा, प्रमोद पाल, पद्मेंद्र सिंह व दामोदर ने कहा कि कालोनीवासी वर्षों से सीवर लाइन इंतजार कर रहे। कालोनीवासियों को सुविधा देने के बजाए भेदभाव पूर्ण नीति अपनायी जा रही है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में डा. कल्पना तिवारी, प्रकाशचंद जोशी, विकास सैनी, शिवप्रकाश, अवतार सिंह, चंद्रप्रकाश, विष्णु देव, प्रमोद पाल, अंकुर चौधरी, विश्वनाथ, विजेंद्र ढीमर, पुष्पा रानी, विजय, वीरेंद्र मिश्रा, पूरन सिंह रावत, रेखा, शांति, कविता, विनीता, रक्षा, दिया, एकता आदि शामिल रहे।

# सिडकुल की दो कंपनियों में हड़ताल, यूनियन नेताओं समेत 22 श्रमिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र की दो कंपनियों में हड़ताल और धरना-प्रदर्शन के बाद पुलिस ने यूनियन नेताओं समेत 22 श्रमिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कंपनियों का आरोप है कि कर्मचारियों को उकसाकर उत्पादन कार्य बाधित कराया गया और कंपनी की छवि खराब की गई। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। कैम्पस एक्टिवियर लिमिटेड कंपनी के एचआर मैनेजर हरेन्द्र यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ मई को कंपनी में कार्यरत कर्मचारी शंशाक, आशु, अंकित, कृष्णपाल, रंजीत, अभिषेक, मन्नु, तौशीफ, जतिन और शोहित ने कुछ बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर हड़ताल कराई। आरोप है कि इंकलाब मजदूर यूनियन से जुड़े पंकज बावड़ी, जयप्रकाश और नीता ने कर्मचारियों को उकसाकर कंपनी का कामकाज ठप कराया। शिकायत में कहा गया है कि कर्मचारियों ने कंपनी के गेट और रास्तों पर भीड़ लगाकर नारेबाजी की, जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हुई और उत्पादन कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ।

वहीं, **सिडकुल स्थित हैमिल्टन हाउसवेयर** प्राइवेट लिमिटेड यूनिट-2 के एचआर मैनेजर मयूर चौहान ने भी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि नौ मई को इंकलाब मजदूर यूनियन से जुड़े पंकज बावड़ी, जयप्रकाश और सचिन निवासी झबरेड़ा ने कंपनी परिसर में पहुंचकर हंगामा किया। आरोप है कि इनके साथ कंपनी कर्मचारी संजीव कुमार, रमेश, दीपक कुमार, प्राची रानी, छोटी देवी और अजीत समेत अन्य लोग भी शामिल थे। इन लोगों ने ड्यूटी के दौरान कंपनी गेट पर प्रदर्शन करते हुए अन्य कर्मचारियों को भी हड़ताल के लिए उकसाया। कंपनी प्रबंधन के अनुसार प्रदर्शन के चलते गेट पर लंबा जाम जैसे हालात बन गए और उत्पादन प्रभावित हुआ। कंपनी की छवि पर भी इसका असर पड़ा। थाना प्रभारी अजय शाह ने बताया कि दोनों मामलों में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# यश देव कौशिक बने हिंदू तख्त के प्रधान एवं राष्ट्रीय प्रचारक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हिंदू तख्त की केंद्रीय समिति ने यश देव को प्रधान एवं राष्ट्रीय प्रचारक नियुक्त किया है। हिंदू तख्त के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य सेवादार प्रवीण कुमार ने यश देव कौशिक की नियुक्ति की घोषणा की। दायित्व मिलने पर यश देव कौशिक ने कहा कि सनातन धर्म के संरक्षण संवर्द्धन और समाज जागरण को विशेष प्राथमिकता देंगे। तीर्थ पुरोहितों की समस्याओं को प्रमुखता से हल करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के संरक्षण-संवर्धन में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाते हुए हिंदू समाज को एकजुट किया जाएगा। एकता से ही हिंदू समाज अपनी शक्ति प्रदर्शित कर सकता है। यश देव कौशिक ने कहा कि युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन किया जाएगा और उन्हें धार्मिक क्रियाकलापों व सनातन संस्कृति से जोड़ने के प्रयास तेज किए जाएंगे। सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा। यश देव कौशिक ने शीर्ष पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है। उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया जाएगा। हिंदुओं का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिंदुओं के सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। तीर्थ परोहित उज्जवल पंडित ने देव कौशिक को बधाई दी और कहा कि सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण के लिए युवा वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि देव कौशिक निश्चित रूप से सनातन के संरक्षण संवर्द्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# चारधाम यात्रा के लिए 7345 श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में लगातार उत्साह बना हुआ है। रविवार को हरिद्वार स्थित ऋषिकुल मैदान में बनाए गए यात्री पंजीकरण केंद्र पर विभिन्न राज्यों से पहुंचे कुल 7345 यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कराया। जारी पंजीकरण बुलेटिन के अनुसार यमुनोत्री धाम के लिए 1570, गंगोत्री धाम के लिए 1571, केदारनाथ धाम के लिए 2159 तथा बद्रीनाथ धाम के लिए 2045 यात्रियों ने पंजीकरण कराया। वहीं हेमकुंड साहिब के लिए रविवार को कोई पंजीकरण नहीं हुआ। चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा ऋषिकुल मैदान पंजीकरण केंद्र पर व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। अब तक इस केंद्र से कुल 98 हजार 882 यात्रियों का पंजीकरण किया जा चुका है।

# पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

## किराएदारों का सत्यापन नहीं कराने वाले मकान मालिकों का किया चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने रविवार को क्षेत्र में व्यापक सत्यापन अभियान चलाया। ऑपरेशन प्रहार के तहत एसएसपी के संदिग्ध व्यक्तियों का शत-प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देशों के क्रम में नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा के नेतृव मे पुलिस टीमों ने अपर रोड, औद्योगिक क्षेत्र, इन्द्राबस्ती, निर्मला छावनी, रोडीबेलवाला, खडखडी, हरकी पैडी क्षेत्र में घरेलू किरायेदारों, घरेलू नौकर, फड़, फेरी व अन्य संस्थानो में कार्य कर रहे मजदूरो के सत्यापन की कार्रवाई करते हुए किराएदारों का सत्यापन नहीं कराने वाले 9 मकान मालिकों पर 83 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 90 हजार रूपए का कोर्ट चालान किया गया। साथ ही 18 व्यक्तियों का 81 पुलिस एक्ट के तहत चालान कर 4500 रूपए जुर्माना वसूल करने के साथ 107 किराएदारों का सत्यापन किया गया। पुलिस टीम में एसएसआई गोपाल दत्त भट्ट, एसआई संजीत कंडारी, एसआई नवीन नेगी, एडिशनल एसआई दीपक ध्यानी, एडिशनल एसआई संदीप वर्मा, कां. रमेश चौहान, प्रदीप रावत, शिवानन्द शामिल रहे।



# एसपी देहात शेखर जुयाल ने पथरी थाने का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

## पुलिस ने मदर्स डे के उपलक्ष्य में लोगो के खोए मोबाइल लौटाए

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शेखर चंद सुयाल ने रविवार को थाना पथरी का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय, बैरक, भोजनालय, स्टोर सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए साफ-सफाई, अनुशासन और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस ने करीब 5 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के खोए हुए मोबाइल उनके स्वामियों को सुपुर्द किए। मदर्स डे के मौके पर अपने मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली और उन्होंने हरिद्वार पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने आगामी कुंभ मेला और कांवड़ मेले को देखते हुए कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका शीघ्र निस्तारण करने पर भी जोर दिया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक लक्सर देवेंद्र सिंह नेगी, थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी फेरुपुर विपिन कुमार समेत थाना पथरी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# साइबर ठगों ने युवक के खाते से 4.90 लाख उड़ाये

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर निवासी एक व्यक्ति साइबर ठगों का शिकार हो गया। ठगों ने बैंक खाते से करीब 4.90 लाख रुपये निकाल लिए। जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर निवासी कमल कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 4 लाख 89 हजार 999 रुपये निकाल लिए गए। मामले की जानकारी होने पर उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस और बैंक की मदद से 36 हजार 602 रुपये 46 पैसे की रकम पर लियन लगाया गया है, ताकि रकम को होल्ड किया जा सके और आगे निकासी रोकी जा सके। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि साइबर सेल की मदद से बैंक खातों और ट्रांजेक्शन की डिटेल खंगाली जा रही है।

# महिला ने पड़ोसी पर जातिसूचक शब्द और धमकी का लगाया आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र के जगजीतपुर में रहने वाली महिला ने पड़ोसी पर शराब के नशे में गाड़ी टकराने, जातिसूचक शब्द कहने और धमकी देने का आरोप लगाया है। अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के निर्देश के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महेंद्र विहार निवासी अंजू रानी ने आयोग को भेजी शिकायत में बताया कि 28 फरवरी की रात उनका पड़ोसी विनेश कुमार उनियाल शराब के नशे में घर के बाहर पहुंचा और उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। इससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और जान से मारने की धमकी दी।

महिला का आरोप है कि आरोपी की पत्नी बीना उनियाल भी आए दिन परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करती है। अंजू रानी ने बताया कि उनके पति देहरादून में नौकरी करते हैं और लंबे अंतराल के बाद घर आ पाते हैं। ऐसे में वह बच्चों के साथ अकेली रहती हैं और खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पड़ोसी ने अपने मकान की तीसरी मंजिल पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का रुख उनके घर की तरफ कर रखा है, जिससे परिवार की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। महिला का कहना है कि पहले भी पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

